केंद्रीय विद्यालय मुरादाबाद (अलंकरण समारोह)



दिनांक 13/07 /2022 (बुधवार) को केंद्रीय विद्यालय मुरादाबाद के प्राथमिक विभाग में अलंकरण समारोह का आयोजन किया गयाI इस समारोह का उद्घाटन प्राचार्य महोदय श्री विजेश कुमार जी द्वारा दीप प्रज्जवलित करके किया गया I समारोह की शुरुआत प्राचार्य जी के आशीष वचनों द्वारा की गई , जिसके माध्यम से उन्होंने चयनित विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया एवं भविष्य में उनके द्वारा किये जाने वाले कर्तव्यों के निर्वहन पर प्रकाश डाला तथा उन्हें भविष्य के लिए बधाई व् शुभकामनायें दीI

प्राथमिक विभाग के मास्टर 'वेदांश कुमार ' को स्कूल कप्तान बॉय तथा कुमारी 'प्रतिष्ठा डागर' को स्कूल कप्तान गर्ल के रुप में चयनित किया गया Iसभी सदनों से सदन प्रभारी एवं अन्य सदन सदस्यों का भी चुनाव किया गया I प्राचार्य जी द्वारा बैज और शैष प्रदान किये जाने के पश्च्यात चयनित विद्यार्थियों द्वारा धन्यवाद के रूप में लघु भाषण भी दिया गया जिसमें उन्होंने अपने कर्तव्यों एवं जिम्मेदारियों को पूरी लगन और निष्ठा के साथ संम्पन्न करने का संकल्प लियाI श्री मनोज कुमार जी द्वारा सभी चयनित छात्र एवं छात्राओं को शपथ ग्रहण कराई गईI श्रीमती रीटा तोमर जी (मुख्य अध्यापिका) द्वारा धन्यवाद ज्ञापन दिया गया जिसमे उन्होंने बच्चों को बधाई व् शुभकामनाएँ दीI मंच का सञ्चालन सुश्री अंजलि गुप्ता द्वारा सभी प्राथमिक शिक्षक एवं शिक्षिकाओं के सहयोग से बड़ी कुशलता से किया गयाI

प्राचार्य